# कार्यवृत्त

[संक्षिप्त कार्य-विवरण]

--------

गुरुवार, 23 माघ, शक संवत् 1947
(12 फरवरी, 2026 ई0)

खण्ड-531
अंक-04

विधान सभा का कार्य सभा-मण्डप, लखनऊ में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ।

प्रश्न पूछे गये एवं उनके उत्तर दिये गये।

तदुपरान्त उत्तर प्रदेश विधान सभा के निम्नलिखित भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर श्री अध्यक्ष द्वारा शोकोद्गार व्यक्त किये गये :-

1-श्री राम देव आचार्य,
2-श्री बहादुर सिंह,
3-डॉ0 सुशील चौधरी,

श्री अध्यक्ष ने सदन की भावनाओं से अपने आपको सम्बद्ध करते हुए कहा कि सदन में व्यक्त की गयी शोक संवेदनाएँ दिवंगत आत्माओं के शोक संतप्त परिजनों तक पहुँचा दी जाएंगी।

सभी सदस्य दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए अपने स्थान पर दो मिनट मौन खड़े हुए।

**आज दिनांक 12 फरवरी, 2026 को नियम-301 के अन्तर्गत कुल 83 सूचनाएं प्राप्त हुई, निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं स्वीकार की गयीं :-**

| <u>मा0 सदस्य का नाम</u> | <u>विषय</u> |
|---|---|
| श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह | प्रयागराज के अन्तर्गत ग्राम कटूहुला में ससुर खदेरी नदी पर पुल निर्माण के सम्बन्ध में। |
| श्री प्रेम सागर पटेल | जनपद महराजगंज में कतिपय मार्ग की टी0ए0सी0 जांच कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| श्री रत्नाकर मिश्र | जनपद मिर्जापुर में कतिपय मार्ग के चौड़ीकरण एवं मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| श्री राजेन्द्र सिंह पटेल | जनपद फतेहपुर के जहांबाद में फायर स्टेशन की स्थापना के सम्बन्ध में। |
| श्री सुरेश पासी | जनपद अमेठी के जगदीशपुर में तहसील भवन का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| डॉ0 मंजू शिवाच | जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर में कतिपय रोड की मरम्मत के सम्बन्ध में। |

| मा0 सदस्य का नाम | विषय |
| --- | --- |
| श्रीमती केतकी सिंह | मुख्य मंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की कतिपय स्थान पर स्थापना के सम्बन्ध में। |
| श्री राजीव गुम्बर | जनपद सहारनपुर के ढमोला नदी पर पिचिंग कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| श्री राजीव तरारा | जनपद अमरोहा की धनौरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बाढ़ से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। |
| श्री मो0 हसन 'रूमी' | जनपद कानपुर नगर की छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सीवर लाइन का कार्य किये जाने के सम्बन्ध में। |
| श्री रफीक अंसारी | जनपद मेरठ में सैकड़ों नालों को ढकने के सम्बन्ध में। |
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव | जनपद गाजीपुर के जंगीपुर में कतिपय निर्माण कार्यों को मानक के विपरीत कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' | जनपद प्रतापगढ़ के सांगीपुर में पशु चिकित्सालय की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| डॉ0 नीरज बोरा | प्रदेश में अनियंत्रित कोचिंग उद्योग पर नियन्त्रण एवं मानकीकरण के सम्बन्ध में। |
| श्री अनिल प्रधान | जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी में कतिपय सम्पर्क मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| श्री आशु मलिक | जनपद सहारनपुर के ग्राम सिम्भाल्का में नालियों व सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| श्री पंकज पटेल | जनपद जौनपुर के मुंगरा में कतिपय मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| श्री कविन्द्र चौधरी | जनपद लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय में तैनात कतिपय अधिकारियों की जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| श्री शहजिल इस्लाम अंसारी | जनपद बरेली की तहसील बहेड़ी के विकास खण्ड शेरगढ़ में कतिपय मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| श्री राम शंकर सिंह | जनपद मिर्जापुर के मड़िहान में कतिपय मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| श्री रामकृष्ण भार्गव | जनपद सीतापुर के मिश्रिख विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कतिपय सड़क मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| श्री जियाउद्दीन रिजवी | जनपद बलिया के घाघरा नदी पर कतिपय स्थान पर पक्के पुल के निर्माण के सम्बन्ध में। |

| **मा0 सदस्य का नाम** | **विषय** |
| --- | --- |
| श्री राम सिंह पटेल | जनपद प्रतापगढ़ के ग्राम लौवार में अवैध कब्जे से मुक्ति दिलाये जाने के सम्बन्ध में। |
| श्री मनोज कुमार पाण्डेय | जनपद रायबरेली के ऊँचाहार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में। |
| डॉ0 शलभ मणि त्रिपाठी | जनपद देवरिया में स्थित बी0आर0डी0पी0जी0 महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के सम्बन्ध में। |

श्री अब्बास अंसारी, सदस्य, विधान सभा के जन्मदिन के अवसर पर श्री अध्यक्ष द्वारा उन्हें सदन की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

तदुपरान्त श्री अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि मा0 मुख्य मंत्री जी के संरक्षण, आशीर्वाद और मार्गदर्शन एवं वित्त मंत्री जी की कृपा से और इस सदन के समस्त सदस्यों के सहयोग से इस विधान सभा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की विगत उपलब्धियों से सम्बन्धित एक डाक्युमेंट्री फिल्म बनवाई गई है, जिसकी सराहना अभी सम्पन्न हुये अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भी की गयी। मा0 सदस्यों के अनुरोध पर मा0 मुख्य मंत्री की अनुमति से वह फिल्म इस सदन में दिखाई जायेगी, जिसके उपरान्त सदन की कार्यवाही चलेगी।

तदुपरान्त फिल्म का प्रसारण सदन में किया गया।

इसी मध्य 12 बजकर 46 मिनट पर अधिष्ठाता श्री ओम प्रकाश पीठासीन हुए। उन्होंने श्री अध्यक्ष द्वारा विधान सभा में विगत 4 वर्षों में किये गये कार्यों की प्रशंसा की।

इसी मध्य अपराह्न 12 बजकर 51 मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।

आज दिनांक 12-02-2026 को नियम-300 के अन्तर्गत दो सूचनाएं प्राप्त हुईं, जो अग्राह्य हुईं :-

ए0आई0 के गलत प्रयोग से सोशल मीडिया के माध्यम से लोकतान्त्रिक संस्थाओं की गरिमा एवं सार्वजनिक शान्ति को प्रभावित करने वाले गम्भीर प्रकरण पर विशेष उल्लेख की अनुमति विषयक अपनी औचित्य के प्रश्न की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करते हुए श्री अतुल प्रधान ने कहा कि ए0आई0 जीवन को सुगम तो बनाएगा, लेकिन इसके दुरुपयोग को न रोका गया तो मानव जीवन दुष्कर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ए0आई0 के माध्यम से लोग षडयन्त्रों का शिकार हो रहे हैं, झूठी सूचनाओं का दुष्प्रचार एवं प्रसार हो रहा है, जिससे जनप्रतिनिधि, महिलाओं सहित सामाजिक जीवन से जुडे सभी लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनावी और सामाजिक जीवन में यह समस्या सभी को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि चेहरे और आवाज को आसानी से बदलकर गलत सूचनाएं फैलाई जा सकती हैं। इससे सामाजिक समरसता बिगड़ रही है और झगड़े बढ़ रहे हैं। श्री प्रधान ने ए0आई0 के

दुरुपयोग को रोकने, आई0टी0 एक्ट का सख्ती से पालन कराये जाने का पीठ से अनुरोध किया।

इस पर शासन का पक्ष रखते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि भारत सरकार समय-समय पर इस सम्बन्ध में नियम बनाती और लागू करती है। उन्होंने बताया कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विभिन्न नियमों को लागू किया जाता है। हाल ही में नवीनतम् अधिसूचना दिनांक 10 फरवरी, 2026 को प्रभावी की गयी है। इस अधिसूचना के अन्तर्गत ऐसे अपराधों के लिए कड़े प्रावधान लागू किए जाने हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह विषय पूर्ण रूप से केन्द्र सरकार के अधीन है और पूरे भारत पर लागू होगा।

इस पर श्री अध्यक्ष द्वारा संसदीय कार्य मंत्री से भी सम्बन्धित विषय को संज्ञान में लेने के निर्देश दिए जाने पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लीगल ओपीनियन लेने के बाद ही हम इसमें कुछ कर पायेंगे।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

सभापति, लोक लेखा समिति ने उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की लोक लेखा समिति (2025-2026) का तृतीय प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन (सिविल सेक्टर) में उल्लिखित कृषि विभाग से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत किया।

सभापति, लोक लेखा समिति ने उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की लोक लेखा समिति (2025-2026) का चतुर्थ प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन (सिविल सेक्टर) में उल्लिखित पंचायती राज विभाग से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत किया।

सभापति, लोक लेखा समिति ने उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की लोक लेखा समिति (2025-2026) का पंचम् प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन (जनरल एवं सोशल सेक्टर) में उल्लिखित कृषि विभाग से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत किया।

तदुपरान्त श्री मौहम्मद फहीम इरफान, सदस्य, विधान सभा जनपद मुरादाबाद की तहसील बिलारी परिसर में चैंबर विहीन अधिवक्ताओं को चैंबर आवंटित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हाजी मौहम्मद उस्मान एडवोकेट, निवासी जनपद मुरादाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अजय सिंह, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद गोण्डा की तहसील करनैलगंज के अन्तर्गत स्थित चकरौत कडरू आटा अकोहरी बन्धा मार्ग के चौड़ीकरण एवं

सुदृढ़ीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सूरज सिंह व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका व्यपगत हुई।

श्री वीर विक्रम सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद शाहजहाँपुर के विकास खण्ड मदनापुर के अन्तर्गत ग्राम सेनाखेड़ा एवं उमरसड के मध्य बहगुल नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रविन्द्र पाल व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राकेश प्रताप सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद फर्रुखाबाद की तहसील सदर के ग्राम हंसी नगला में कुबेरपुर घाट को जाने वाले मुख्य मार्ग से ग्राम हंसी नगला तक का कच्चे रास्ते का नव निर्माण/डामर रोड बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रदीप कुमार व अन्य निवासीगण जनपद फर्रुखाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रभात कुमार वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद गोण्डा के विधान सभा क्षेत्र गौरा के अन्तर्गत पं0 दीनदयाल उपाध्याय पार्क सैदनपुर विकास खण्ड छपिया पर पर्यटन विभाग से पं0 दीनदयाल जी की प्रतिमा स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रेम नारायण पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद गोण्डा के विधान सभा क्षेत्र तरबगंज के बेलसर बाजार के मध्य से होकर जाने वाले स्टेट हाई-वे-155 पर बेलसर बाजार का बाईपास मार्ग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रज्जन बाबा व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका व्यपगत हुई।

श्री मूल चन्द्र सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद जालौन की तहसील माधौगढ़ के अन्तर्गत गोहन (टू लेन मार्ग) से राजपुरा सहाव मोड़ (फोर लेन मार्ग) तक मार्ग का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गजेन्द्र राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सुरेश, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमेठी के विकास खण्ड शुकुलबाजार के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाली में मेन डामर रोड से पूरे कुर्मी गाँव तक सम्पर्क मार्ग लगभग 500-मी0 सी0सी0/इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अवनीश प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद अमेठी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री रामरतन कुशवाहा, सदस्य, विधान सभा की जनपद ललितपुर की विधान सभा क्षेत्र-226, ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत पिपरिया वंशा नहर होते हुये, परौदा ग्राम तक मण्डी परिषद् के मार्ग का पुनः निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सत्यपाल व अन्य निवासीगण जनपद ललितपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती विजमा यादव, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र प्रतापपुर के विकास खण्ड सैदावा, ग्राम इनामत पट्टी (ढोरहा) अजहर अहमद के घर से शा0ए0 नहर तक इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री इरसादुल अहमद व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका व्यपगत हुई।

श्री रामखिलाड़ी सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद सम्भल के विधान सभा क्षेत्र-111, गुन्नौर के अन्तर्गत ग्राम रामपुर मोहकम से हरी बाबा बांध तक सड़क का मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अतर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद सम्भल की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री लकी यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मल्हनी विकास खण्ड-करंजा कला ग्राम मनवल करंजा कला पूर्वांचल पक्की सड़क से विश्वकर्मा बस्ती होते हरिजन बस्ती ग्राम सादी पट्टी बॉर्डर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री पंकज यादव व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जै किशन साहू, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजीपुर के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत विकास खण्ड करण्डा के ग्राम सभा-सौरम में थाने के पुरा के मोड़ से सिसौड़ा मोड़ तक सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अंकित यादव व अन्य निवासीगण जनपद गाजीपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अरमान खान, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद लखनऊ पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सआदतगंज वार्ड के सरीपुरा में कटहल के पेड़ से लेकर विजय द्विवेदी के घर से होते हुए धीरेन्द्र के घर के आगे तक सी0सी0 सड़क, नाली व पुलिया निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय द्विवेदी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा मलिकमऊ चौबारा के पूरकोट निमेश कुमार के दरवाजे से पूरे नक्का तक जोड़ने वाली मार्ग का डामरीकरण/इण्टरलॉकिंग/आर0सी0सी0 निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सचिन कुमार व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनोद चतुर्वेदी, सदस्य, विधान सभा जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र-220, कालपी के अन्तर्गत विकास खण्ड महेबा के ग्राम पिथऊपुर से धामनी के मध्य लघु सेतु कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रमोद पाठक व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री वाचस्पति, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद प्रयागराज के अन्तर्गत प्रयागराज, कौशाम्बी व चित्रकूट को जोड़ने हेतु नदी पर पीपा पुल के स्थान पर स्थायी पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम करन व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका व्यपगत हुई।

श्रीमती पूनम संखवार, सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर देहात के झींझक रूरा नहर मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विभू राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर देहात की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 मुकेश वर्मा, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद में रूपसपुर चौराहे से ग्राम पृथ्वीपुर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अवधेश यादव व अन्य निवासीगण जनपद फिरोजाबाद की याचिका व्यपगत हुई।

डॉ0 अमित सिंह चौहान, सदस्य, विधान सभा की जनपद अयोध्या की तहसील सोहावल नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के वार्ड संख्या-4 के कवटहिया में खुशीराम के घर से हुकुमचन्द्र निषाद के ट्यूबवेल तक इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 मार्ग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अनिल कुमार पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद अयोध्या की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई, सदस्य, विधान सभा की जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र जसराना के विकास खण्ड एका के ग्राम पैढत में स्थित बडे जखई महाराज मन्दिर का जीर्णोद्धार कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राघवेन्दर यादव व अन्य निवासीगण जनपद फिरोजाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जय प्रकाश अंचल, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के अन्तर्गत दुधैला से समरथपाह तक मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बरमेश्वर वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री शहजिल इस्लाम अंसारी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र भोजीपुर के अन्तर्गत बरेली बागेश्वर मार्ग से मझौआ गंगापुर लिंक मार्ग दूरी लगभग 3-किमी0 का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मौ0 नदीम पुत्र रजा बक्श व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती अनुपमा जायसवाल, सदस्य, विधान सभा की जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र बहराइच में विकास खण्ड पयागपुर के अन्तर्गत ग्रा0 पं0 खुटेहना के मजरा गुलरिया में डामर रोड के निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री चन्द्र देव त्रिपाठी निवासी जनपद बहराइच की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री हरिओम, सदस्य, विधान सभा की जनपद कासगंज की तहसील पटियाली विकास खण्ड सिढ़पुरा के अन्तर्गत अनंगपुर मार्ग से दहेली बुजुर्ग तक सी0सी0 या इण्टरलॉकिंग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री देवेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद कासगंज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 रागिनी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर के मड़ियाहूं-मछलीशहर मार्ग में ग्राम सभा बडेरी से हरद्वारी होते हुए मियाचक (बधवां-जमालापुर) सम्पर्क तक मार्ग का निर्माण कार्य कराने के सम्बन्ध में श्री लकी त्रिपाठी जी व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री दुर्गा प्रसाद यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मूलचन्द यादव, प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पंकज सिंह, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद नोएडा के ग्राम गढ़ी चौखण्डी में श्मशान घाट तक जाने वाले सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम निवास यादव व अन्य निवासीगण जनपद गौतमबुद्धनगर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री प्रदीप कुमार चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत ग्राम काहिरा में पंचायत घर से धर्मवीर के घर तक लगभग 200-मी0 रास्ते का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ओमप्रकाश व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री श्रीकान्त कटियार, सदस्य, विधान सभा की जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र बागरमऊ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरियावर में डामर रोड से प्राथमिक विद्यालय तक नवीन डामर रोड निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विनोद प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बेदी, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजीपुर के जखनियां में सैदपुर चिरैयाकोट मार्ग पर शारदा सहायक खण्ड-23 पर जर्जर पुलिया का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बलजीत प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद गाजीपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

श्रीमती गुड़िया देवी, सदस्य, विधान सभा की जनपद व तहसील औरैया के अन्तर्गत ग्राम बीझलपुर में यमुना नदी पर सेतु निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हरपाल ठाकुर व अन्य निवासीगण जनपद औरेया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विकास गुप्ता, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद फतेहपुर की नगर पंचायत असोथर में फायर स्टेशन स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सर्वेश मोदनवाल व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री देवेन्द्र कुमार निम, सदस्य, विधान सभा की जनपद सहारनपुर के ग्राम भांकला-देहरी पुल से वाया घसौली होते हुए शहरी पुल रामपुर मनिहारान तक निमाण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अक्षयवीर पुत्र श्री तारा चंद व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पल्टूराम, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के अन्तर्गत गोण्डा उतरौला मार्ग पर कुआनों नदी के दोनों तट पर सीढ़ी व अन्य विकास कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अन्नु वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमरोहा के विकास खण्ड-गजरौला के एन0एच0-09 के किमी0-98 से बिजौरा, रखेडा, भीमा ठीकरी एवं लुहारी खादर होते हुये राष्ट्रीय मार्ग-24 से हसनपुर, दयावली खालसा मार्ग के चौनेज 0.000 से 4.400 तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नानक खड़गवंशी व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 पल्लवी पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद कौशाम्बी के विकास खण्ड-सिराथू में मोहम्मदपुर बारी मजरा अईमावारी (काजीपुर) से जलालपुर वारी (सरैया) लिंक मार्ग तक दूरी पक्की सड़क लगभग 1 किमी0 बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री मो0 आफान व अन्य निवासीगण जनपद कौशाम्बी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राम अचल राजभर, सदस्य, विधान सभा की जनपद अम्बेडकर नगर के विकास खण्ड-अकबरपुर अन्तर्गत स्थित ग्राम सभा नसीरपुर कैथी बाढॅ वर्मा के खेत से सूबेदार तिवारी के घर तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सूबेदार तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद अम्बेडकर नगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री महेन्द्र नाथ यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद बस्ती के सदर ब्लाक के अन्तर्गत गनेशपुर-दुबौला मार्ग से माइनर नहर की पुलिया होते हुए श्री मो0 अहमद सिद्‌दीकी के फार्म हाउस तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हनीफ सिद्‌दीकी व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेन्द्र कुमार मौर्य, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रतापगढ़ के विकास खण्ड-मंगरौरा अन्तर्गत विजरा वाया सोनवर्षा से सरौली बस्ती होते हुए हरिजन बस्ती तक दूरी लगभग 3.00 किमी0 सड़क का नव निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कपिल पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद प्रतापगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मो0 ताहिर खान, सदस्य, विधान सभा की जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र इसौली के ब्लॉक धनपतगंज में कतिपय मार्गों का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री दूध नाथ यादव व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 एम0 पी0 आर्य, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बरेली की विधान सभा क्षेत्र-121, नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम सहोदर नगला से तुमड़िया तक सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री योगेन्द्र गंगवार व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका व्यपगत हुई।

श्री लक्ष्मी राज सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर के विकास खण्ड-सिकन्दराबाद में सिकन्द्राबाद पुरानी जी0टी0 रोड वी0एन0डी0 धर्मकांटा से कोन्दू प्राथमिक विद्यालय तक मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रणवीर प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री गौरव कुमार, सदस्य, विधान सभा की जनपद बाराबंकी के ब्लाक मसौली में बाराबंकी गोण्डा मार्ग से सदरूद्दीनपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अंकित कुमार व अन्य निवासीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रभु नारायण सिंह यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद चन्दौली के विधान सभा क्षेत्र सकलडीहा के दीनदासपुर सम्पर्क मार्ग तक निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मुन्ना चौहान व अन्य निवासीगण जनपद चन्दौली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र-345, सगड़ी के विकास खण्ड-अजमतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसीदाबाद में चंगईपुर से रामपुर टेकनगाढ़ा को जोड़ने वाले मार्ग पर झिंगार नाला पर बनी पुलिया का पुनर्निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ओमप्रकाश व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 सुरभी, सदस्य, विधान सभा की जनपद फर्रुखाबाद के विधान सभा क्षेत्र कायमगंज के अन्तर्गत प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन द्वारा निर्माणाधीन उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सोवरन व अन्य निवासीगण जनपद फर्रुखाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेन्द्र सिंह पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद फतेहपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-खजुहा के अन्तर्गत ग्राम बारा गंगोली यमुना नदी पर पक्का अथवा पीपे का पुल का

निर्माण के सम्बन्ध मे डॉ0 ओमप्रकाश पाल व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अखिलेश, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद आजमगढ़ विकास खण्ड-मुबारकपुर सम्पर्क मार्ग से योगेन्द्र के ट्यूबवेल से गजहड़ा होते हुए पूर्वांचल सर्विस रोड तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र यादव व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद इटावा के विधान सभा क्षेत्र भरथना के अन्तर्गत ग्राम काठमऊ में चमन देवी के मकान से आशा देवी के खेत तक नाला निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भीमसेन व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री हरेन्द्र सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद हापुड़ के विधान सभा क्षेत्र गढ़मुक्तेश्वर के ग्राम पावटी में राजेन्द्र बाल्मीकि के मकान से अनुराज प्रधान जी के मकान तक मार्ग 500 मी0 लगभग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संदीप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद हापुड़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बम्बा लाल, सदस्य, विधान सभा की जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र बांगरमऊ के अन्तर्गत ग्राम सभा कुरसत ग्रामीण में इण्टर कालेज का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आशीष कनौजिया व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सुरेन्द्र मैथानी, सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर नगर के अन्तर्गत अर्मापुर बड़ी नहर छठ पूजा स्थल एवं पनकी हनुमान मन्दिर परिसर के बाह्य क्षेत्र के विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विपिन दुबे व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अनिल प्रधान, सदस्य, विधान सभा की जनपद चित्रकूट के अन्तर्गत विकास खण्ड कर्वी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिटिहरा में बरूआ नाला में पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भइयालाल व अन्य निवासीगण जनपद चित्रकूट की याचिका उपस्थित करेंगे।

श्री ब्रजभूषण राजपूत, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद महोबा विधान सभा चरखारी में विकास खण्ड-जैतपुर के ग्राम टिकरिया से मध्य प्रदेश सीमा इमिलिया तक सड़क मार्ग का नवनिर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अमर चन्द्र राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका व्यपगत हुई।

श्री वीरेन्द्र चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद महराजगंज में विधान सभा क्षेत्र फरेन्दा के इनायत नगर चौराहा से लेहड़ा स्टेशन चौराहा तक सड़क मार्ग का चौड़ीकरण करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री ईश्वर यादव व अन्य निवासीगण जनपद महराजगंज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बाबूलाल, सदस्य, विधान सभा की जनपद आगरा के ब्लॉक अछनेरा के सकतपुर रोड से पाली रोड तक के मार्ग का सी0सी0 कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बनय सिंह व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सैय्यदा खातून, सदस्य, विधान सभा की जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पारस हुसैन से सेखुई जूनियर हाई स्कूल होते हुए डुमरियागंज बांसी मुख्य मार्ग तक लगभग 1.5 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय यादव व अन्य निवासीगण जनपद सिद्धार्थनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती पूजा, सदस्य, विधान सभा की जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मेहनगर के ग्राम सभा पटना अहीयाइं चौहान बस्ती में विद्युतीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनिल चौहान व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पंकज पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर के अन्तर्गत पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विरेन्द्र यादव व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 शलभ मणि त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की जनपद देवरिया स्थित दीनानाथ पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संकाय विस्तार कर विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों की कक्षाएं संचालित किये जाने के सम्बन्ध में श्री रमेश वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद देवरिया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जगदीश नारायण, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के तहसील सदर के अन्तर्गत अन्य जिला मार्ग आजमगढ़, जौनपुर से कबीरूद्दीनपुर से प्रारम्भ होकर वाराणसी सरहद त्रिलोचन महादेव तक चौड़ीकरण, उच्चीकरण रेलवे सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जयनाथ व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री दूधराम, सदस्य, विधान सभा की जनपद बस्ती के महादेवा विधान सभा क्षेत्र-311 के विभिन्न सड़कों को त्वरित विकास निधि योजना अन्तर्गत सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में

श्री पवन कुमार चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अब्बास अंसारी, सदस्य, विधान सभा की जनपद मऊ के बुनकरों के हित में 05-किलोवाट लोड की सीमा बढ़ाकर पूर्व की भांति 50 किलोवाट किये जाने और 400 रुपये प्रति लूम की सीमा को घटाकर प्रतिलूम 100 रुपये फ्लैट किये जाने के सम्बन्ध में श्री अमीर फेसल व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या, सदस्य, विधान सभा की जनपद मीरजापुर की तहसील मिर्जापुर के अन्तर्गत ग्राम सभा तोसवां, पोस्ट मोहनपुर में तोसवां-कनौरा सम्पर्क मार्ग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विनोद मिश्रा व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विवेक कुमार वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिग्रस्त गांव कढ़ैला में लघु सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम औतार व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सरिता भदौरिया, सदस्य, विधान सभा की जनपद इटावा के विधान सभा क्षेत्र इटावा के अन्तर्गत तहसील इटावा के ब्लाक बढ़पुरा में ग्राम रूरा पिलुआ में महावीर मंदिर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री दिनेश राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री भगवान सिंह कुशवाहा, सदस्य, विधान सभा की जनपद आगरा की तहसील खैरागढ़ के ग्राम दनकशा में उंटगन (पार्वती) नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बबलू सिकरवार व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री कविन्द्र चौधरी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बस्ती की तहसील हरैया विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड -सिल्टौआ गोपालपुर के अन्तर्गत अजगैवा सम्पर्क मार्ग से नोनहा नगैचा होते हुए पंडितपुर मार्ग का 0 से लेपन का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम नयन व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका व्यपगत हुई।

श्री मनोज कुमार पारस, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना के कस्बा नगीना में बन्द पड़ी सहकारी कताई मिल की खाली पड़ी भूमि पर स्टेडियम बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री राहुल इस्लाम व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती गीता शास्त्री (पासी), सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र सोरांव के ग्राम महपुरा प्राथमिक विद्यालय से अनुसूचित जाति बस्ती होते हुए करबला

सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम सजीवन यादव व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनोद शंकर अवस्थी, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखीमपुर के अन्तर्गत ब्लाक ईसानगर में ग्राम बेलागढ़ी टपरा बालकराम के घर से रामस्वरूप के बंगला तक की रोड का डामरीकरण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री चेतराम व अन्य निवासीगण जनपद लखीमपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र ऊँचाहार में गदागंज फीडर एवं कठघर फीडर, धूता फीडर में तारों को बदलवाये जाने के सम्बन्ध में श्री अशोक कुमार व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री तसलीम अहमद, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नजीबाबाद के स्थाई बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जाहिद अंसारी व अन्य निवासीगण जनपद नजीबाबाद व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री गौरी शंकर वर्मा (कोरी), सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र उरई के अन्तर्गत उरई मेडिकल के पीछे खड़ण्जा रोड से कैप्टन संतोष वर्मा फौजी के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संतोष वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका व्यपगत हुई।

श्री दीपक पटेल, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद प्रयागराज के अन्तर्गत झूंसी नगर क्षेत्र में आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित प्राचीन संस्कृत पाठशाला एवं शिव मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज उपाध्याय व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका व्यपगत हुई।

श्री जवाहर लाल राजपूत, सदस्य, विधान सभा की जनपद झांसी के गरौठा गुरसराय के अन्तर्गत पुनर्गठन पेयजल योजना शीघ्र प्रारम्भ कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अखिलेश तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद झांसी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राम फेरन पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड इकौना के ग्राम सिसवारा में विद्युत उपकेन्द्र स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विवेक सिंह व अन्य निवासीगण जनपद श्रावस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया, सदस्य, विधान सभा की जनपद बदायूँ विधान सभा क्षेत्र दातागंज के अन्तर्गत विकास खण्ड दातागंज के ग्राम उरैना पुख्ता, आनन्दपुर में रामगंगा नदी द्वारा हो रही कटान को रोके जाने के सम्बन्ध में श्री अंशुल सागर व अन्य निवासीगण जनपद बदायूँ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती आशा मौर्य, सदस्य, विधान सभा की जनपद सीतापुर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र महमूदाबाद अन्तर्गत 50 शैय्या का अस्पताल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती अनामिका व अन्य निवासीगण जनपद सीतापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति, सदस्य, विधान सभा की जनपद हमीरपुर विधान सभा क्षेत्र हमीरपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड कुरारा की ग्राम पंचायत सरसई में शंकर जी से राजा भईया प्रजापति के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामबाबू प्रजापति व अन्य निवासीगण जनपद हमीरपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री ओ0पी0 श्रीवास्तव, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद लखनऊ विधान सभा क्षेत्र पूर्वी के अन्तर्गत इंदिरा नगर एवं गोमती नगर जैसी विकसित कॉलोनियों के साथ-साथ गाजीपुर व अन्य क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शशांक शेखर गोल्डी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री राम मूर्ति वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र टाण्डा के ब्लाक बसखारी के ग्राम भूलेपुर के अबू बकर मस्जिद से झंझवा हंसवर से जीमयतुल फनाह पब्लिक स्कूल तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जकी अनवर व अन्य निवासीगण जनपद अम्बेडकरनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री निर्मल वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद सीतापुर विधान सभा क्षेत्र बिसवां के विकास खण्ड-सकरन के अन्तर्गत हरैया मदनापुर पेन्टेड मार्ग से ग्राम ईरापुर मजरा नकेला में सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रवि वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद सीतापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री हरिप्रकाश वर्मा, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद शाहजहाँपुर की तहसील कलान में धुनई नगला से नरौरा तक सड़क व पुलिया का नव निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सूरजपाल व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री राकेश कुमार गोस्वामी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद महोबा के राजस्व ग्राम रहेलिया में आर0सी0सी0/इण्टरलॉकिंग कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती राजकुमारी व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका व्यपगत हुई।

श्रीमती इन्द्राणी देवी, सदस्य, विधान सभा की जनपद श्रावस्ती के विधान सभा क्षेत्र भिनगा में पूरेदारी के ग्राम पंचायत के मजरा बैरिहवा के निकट विद्यालय में विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आर्यमान वर्मा निवासी जनपद श्रावस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेन्द्र कुमार, सदस्य, विधान सभा की जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मुहम्मदाबाद गोहना के ग्राम पंचायत तेनुआ में नहर से काली मन्दिर तक के रास्ते का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ओम प्रकाश यादव व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री महबूब अली, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र अमरोहा सदर में गाँधी मूर्ति से टी0पी0 नगर चौराहे होते हुए अतरासी तिराहे तक डिवाइडर सहित मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मुदस्सिर खॉ व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 नीरज बोरा, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के चांदगंज, कुर्सी रोड क्षेत्र में लम्बित आर0सी0सी0 नाला का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जसपाल सिंह व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 मंजू शिवाच, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर सिखेडा रोड इण्डस्ट्रियल एरिया की सड़कों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अमित कुमार अग्रवाल व अन्य निवासीगण जनपद गाजियाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अतुल प्रधान, सदस्य, विधान सभा की जनपद मेरठ के विधान सभा क्षेत्र सरधना के ग्राम अटेरना में जर्जर तारों की लाइन सिफ्टिंग कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नीटू व अन्य निवासीगण जनपद मेरठ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मेघ श्याम, सदस्य, विधान सभा की जनपद मथुरा के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र गोवर्धन के ब्लाक में जुलैंदी से कोन्हई मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री देवेन्द्र उपाध्याय व अन्य निवासीगण जनपद मथुरा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रदीप कुमार यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद औरैया के विधान सभा क्षेत्र दिबियापुर के ब्लाक अजीतमल के सेगुर नदी पर किन्नपुर व अजुआपुर के बीच में पुल बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री जीत सिंह पाल व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जय कुमार सिंह जैकी, सदस्य, विधान सभा की जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी के अन्तर्गत ब्लॉक मलवाँ के अन्तर्गत ग्राम दावतपुर से बुधईयापुर मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आशुतोष अवस्थी व अन्य निवासीगण जनपद दावतपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद गोरखपुर के चिल्लूपार क्षेत्र के तरैना नाला, भुतहा नाला, कचनी नाला, कवितापुर नाला की साफ-सफाई

कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मुखतार यादव व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री स्वामी ओउ्मवेश, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चॉदपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड जलीलपुर के अन्तर्गत ग्राम महमूदपुर से चौधेंडी मार्ग को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नैन सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री श्याम सुन्दर, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली में लामी चौराहा से थान सिंह का पुरवा, जालिम सिंह का पुरवा, हवलदार का पुरवा, आलिमगंज, चन्दापुर रजवहा तक सड़क का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री समर बहादुर यादव व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती केतकी सिंह, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बाँसडीह के पी एस सी बाँसडीह पर चिकित्सक के अभाव के सम्बन्ध में श्री राकेश वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका व्यपगत हुई।

श्री अनिल कुमार सिंह, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र पुरवा में उन्नाव मौरावाँ-मोहनलालगंज मुख्य मार्ग (राज्य मार्ग) स्थित ग्राम पंचायत बछौरा में एक राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बृजेश शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका व्यपगत हुई।

श्री मुकेश चौधरी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र नकुड़ के नगर सरसवां में मौ0 कस्यावान उर्फ पंजाबी में घनी आबादी के बीच में एक ही स्थान पर स्थापित 03 विद्युत परिवर्तकों को स्थानान्तरित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संजय कम्बोज व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री रमाशंकर सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद मिर्जापुर के अन्तर्गत मड़िहान व अहरौरा रोडवेज बस स्टेशन को पी0पी0 माडल पर बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री दिनेश प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनय कुमार द्विवेदी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद गोण्डा के मेहनौन क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजापुर मसूले में प्रा0 वि0 राजापुर से बलदूकपुर रंजीत पुरवा, मंशक पुरवा से कुतुबगंज तक के मार्ग का नवनिर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शेषराम बारी व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका व्यपगत हुई।

उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगी, जो प्रदान की गयी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 को पुरःस्थापित किया।

उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगी, जो प्रदान की गयी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 को पुरःस्थापित किया।

आज नियम-56 के अन्तर्गत 02 सूचनायें प्राप्त हुई, जो कार्य-स्थगन के रूप में अग्राह्य हुई।

प्रदेश में खेलकूद जैसी प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने एवं खेल व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने विषयक अपनी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के खेल बजट में काफी कटौती की गई है। स्पोर्ट्स कालेजों में कोच के पद खाली पड़े हुए हैं, बुनियादी ढांचा बदहाल स्थिति में है। सुविधाओं के अभाव के कारण ही उत्तर प्रदेश पदक के मामले में छोटे राज्यों से काफी पीछे है। उन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचानने, हर स्तर पर वित्तीय सहायता और विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने तथा सरकारी नौकरी में खिलाड़ियों का आरक्षण बढ़ाते हुए उनको सेवायोजित करने के लिए बजट बढ़ाने की मांग के साथ विषय को अविलम्बनीय एवं लोक महत्व का बताते हुए सदन की शेष कार्यवाही को रोककर इस पर चर्चा कराये जाने की मांग की। श्री गौरव कुमार व श्री कमाल अख्तर ने इस पर बल दिया।

इस पर खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने शासन का पक्ष रखते हुए कहा कि मा0 मुख्य मंत्री के नेतृत्व में 15,000 से अधिक ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान विकसित किए गए हैं। हर विकास खण्ड में मिनी स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया सभी जनपदों में जारी है। पिछली सरकारों के मुकाबले बुनियादी ढांचे में सुधार करते हुए मण्डल स्तर पर सिन्थेटिक कोर्ट और स्पोर्ट्स कॉलेज बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए 'खेल नीति 2023' लागू की गई है, जिसके तहत पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी गई है। 2% खेल कोटा प्रभावी करते हुए 500 से अधिक कुशल खिलाड़ियों को पुलिस व अन्य विभागों में सरकारी नौकरी दी गई है। प्रदेश में कई अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम एवं जनपद मेरठ में मेजर ध्यानचन्द्र के नाम पर पहला खेल विश्वविद्यालय बन रहा है तथा कानपुर में स्थित ग्रीनपार्क स्टेडियम को सुसज्जित करने के लिए भी फण्ड जारी किया गया है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए भरसक प्रयास कर रही है।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे आर्थिक अपराध, कस्टोडियन डेथ, फर्जी इन्काउन्टर व एस0सी0एस0टी0 अपराध से उत्पन्न स्थिति विषयक अपनी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर डॉ0 रागिनी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयागराज में डूबने से अनुसूचित जाति के चार बच्चों एवं एक व्यक्ति की पुलिस द्वारा फर्जी इन्काउन्टर में मौत हो गई है। उन्होंने एन0बी0आर0सी0 के आंकड़े का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी पुलिस द्वारा कस्टोडियल डेथ, दलित उत्पीड़न और महिला अपराधों के साथ जातिगत भेद-भाव और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजा, आवास और जमीन का पट्टा तथा 'जिला शिकायत समिति' के गठन की मांग के साथ विषय को अविलम्बनीय एवं लोक महत्व का बताते हुए सदन की शेष कार्यवाही को रोककर इस पर चर्चा कराये जाने की मांग की। श्री अतुल प्रधान ने इस पर बल दिया।

इस पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने शासन का पक्ष रखते हुए कहा कि वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2025 तक गम्भीर अपराधों में ऐतिहासिक गिरावट आई है। राष्ट्रीय स्तर पर यूपी IPC अपराधों में उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों से बेहतर स्थिति में है। प्रयागराज की घटना के सम्बन्ध में उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की मृत्यु तालाब में डूबने से हुई है, जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर जाँच करायी जा रही है। पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता व आवास प्रदान किया गया है। प्रयागराज की दूसरी घटना जिसमें व्यक्ति को गोली लगी थी, वह बी-क्लास का हिस्ट्रीशीटर था। उसकी मृत्यु हार्ट अटैक से हुई है। जबकि मेरठ की घटनाओं में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 'ऑपरेशन कन्विक्शन' है। इसके तहत अभियोजन को इतना मजबूत करते हुए पॉक्सो जैसे गम्भीर मामलों में मात्र 31 से 125 दिनों के भीतर अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है। त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

शासन के उत्तर से असन्तुष्ट होकर डॉ0 रागिनी के अतिरिक्त समाजवादी पार्टी के सभी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गये।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

तदुपरान्त डॉ0 नीलकण्ठ तिवारी द्वारा दिनांक 11-02-2026 को प्रस्तुत निम्नलिखित धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा श्री स्वामी ओउ्मवेश के भाषण से प्रारम्भ हुई :-

''यह सदन श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए, जो उन्होंने राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष दिनांक 09 फरवरी, 2026 को दिया है, कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।''

श्री स्वामी ओउ्मवेश के भाषण के मध्य 02 बजकर 25 मिनट पर अधिष्ठाता श्रीमती कृष्णा पासवान पीठासीन हुईं।

निम्नलिखित मंत्री/सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री (श्री अरविन्द कुमार शर्मा)

श्री राजेन्द्र सिंह पटेल,

श्री शाहिद मंजूर,

डॉ0 अजय कुमार,

डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति,

श्रीमती गीता शास्त्री (पासी),

इसी मध्य श्री शाहिद मंजूर ने अधिकारियों की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न उठाया। इस पर नेता विरोधी दल ने बल देते हुए कहा कि विधान सभा की गरिमा की लिए आवश्यक है कि विभागीय अधिकारी सदन में उपस्थित रहें।

निम्नलिखित सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री सभाकुंवर,

श्रीमती पूनम संखवार,

श्री सर्वेश सिंह,

श्री भूपेश चौबे द्वारा निर्धारित समय के बाद भी अपना वक्तव्य जारी रखने पर श्री अधिष्ठाता ने कहा कि शेष लिख कर दे दें। कार्यवाही का भाग बन जाएगा।

निम्नलिखित मंत्री/सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री महेश चन्द्र गुप्ता,

श्री संदीप सिंह,

श्री जय कुमार सिंह ''जैकी'',

श्री धीरेन्द्र सिंह,

श्री रफीक अंसारी,

श्री प्रसन्न कुमार,

श्री लक्ष्मी राज सिंह, के भाषण के उपरान्त सायं 4 बजकर 48 मिनट पर अधिष्ठाता श्रीमती अनुपमा जायसवाल पीठासीन हुईं।

निम्नलिखित मंत्री/सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री जय प्रकाश अंचल,

श्री राजेश पाल सिंह उर्फ राजेश चौधरी,

श्री रामवीर सिंह,

श्री उमर अली खान,

श्री ओम कुमार,

इलेक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री सुनील कुमार शर्मा),

श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू,

श्री राजेश त्रिपाठी,

श्री मेघश्याम के भाषण के मध्य सायं 05 बजकर 55 मिनट पर अधिष्ठाता श्री मनोज कुमार पाण्डेय पीठासीन हुए।

निम्नलिखित सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री तेज प्रताप सिंह,

श्री अब्बास अंसारी,

श्री ऋषि त्रिपाठी,

श्री छोटे लाल वर्मा,

श्री संग्राम सिंह,

श्रीमती सरिता भदौरिया,

श्री सुरेश कुमार,

श्री अनिल कुमार त्रिपाठी,

श्री लकी यादव,

श्री विवेक कुमार वर्मा के भाषण के मध्य सायं 07 बजकर 05 मिनट पर अधिष्ठाता श्री मनीष असीजा पीठासीन हुए।

निम्नलिखित मंत्री/सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री पुरुषोत्तम खण्डेलवाल,

श्री जियाउद्दीन रिजवी,

श्रीमती गुड़िया देवी,

डॉ0 सुनील पटेल,

श्रीमती नसीम सोलंकी,

श्री वीरेन्द्र सिंह राणा,

डॉ0 मंजू शिवाच,

श्री आशु मलिक,

श्रीमती आशा मौर्या,

श्री विवेकानन्द पाण्डेय,

डॉ0 पल्लवी पटेल,

समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्य मंत्री (श्री संजीव कुमार),

श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) (श्री मनोहर लाल),

श्री मनोज कुमार पारस,

डॉ0 राजेश्वर सिंह के भाषण के मध्य रात्रि 08 बजकर 51 मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।

निम्नलिखित सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री ज्ञानेन्द्र सिंह,

श्री सुहेब उर्फ मन्नु अंसारी,

इसी मध्य संसदीय कार्य मंत्री ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा-2026 में प्रतिभाग न कर पाने वाले सत्ता पक्ष के सदस्यों को पीठ पर प्रेषित की गई सूची के अनुसार बुलवाये जाने का अनुरोध किया, जिस पर श्री अध्यक्ष ने सहमति व्यक्त की।

श्रीमती रिंकी कोल के भाषण के उपरान्त चर्चा आगे के लिए जारी हुई।

आज दिनांक 12 फरवरी, 2026 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 105 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं केवल वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुईं :-

| मा0 सदस्य का नाम | विषय |
|---|---|
| 1-श्री पूरन प्रकाश | नोएडा-आगरा यमुना एक्सप्रेस-वे पर बल्देव (मथुरा) में उतरने-चढ़ने हेतु एक कट का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 2-श्री फतेह बहादुर सिंह | ग्रामीण पेयजल योजना के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र केम्पियरगंज के कतिपय ग्रामों में जलापूर्ति कराने के सम्बन्ध में। |
| 3-श्री अतुल प्रधान | विधान सभा क्षेत्र सरधना में मवाना फलावदा से गडीना मार्ग के नंगला ऐजदी ग्राम की सड़क मरम्मत के विषय में। |

शेष सूचनाएं अस्वीकृत हुईं।

तदुपरान्त सदन का उपवेशन रात्रि 09 बजकर 07 मिनट पर अगले दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।

**प्रदीप कुमार दुबे,**
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

————————

स्वीकृत,
**सतीश महाना,**
अध्यक्ष,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0–एल0 232 विधान सभा (386)–16–02–2026–50 प्रतियां (कम्प्यूटर)।